प्रेस विज्ञप्ति
11.10.2024

प्रवर्तन निदेशालय)ईडी(, दिल्ली ज़ोनल कार्यालय ने 11.10.2024 को दिल्ली- रा.राज.क्षे. और मुंबई में विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है। यह तलाशी अभियान दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा 602 किलोग्राम से अधिक वजन वाले नारकोटिक और साइकोट्रॉपिक पदार्थों जैसे 'कोकीन' और 'हाइड्रोपोनिक मारिजुआना' की खेप की जब्ती के मामले के संबंध में चलाया गया है।

ईडी ने दिल्ली पुलिस द्वारा तुषार गोयल, हिमांशु कुमार, औरंगजेब सिद्दीकी और भरत कुमार नामक चार लोगों के खिलाफ 2 अक्टूबर 2024 को दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की। । इसके बाद, उसी दिन दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की एक टीम द्वारा लगभग 602 किलोग्राम नारकोटिक और साइकोट्रॉपिक पदार्थ जैसे कोकीन (लगभग 562 किलोग्राम) और हाइड्रोपोनिक मारिजुआना (लगभग 40 किलोग्राम) जब्त किया गया और उपरोक्त 4 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

ईडी की जांच में पता चला कि मुख्य आरोपी तुषार गोयल उर्फ डिक्की ने मादक पदार्थों की उपरोक्त खेप महिपालपुर स्थित अपने पारिवारिक स्वामित्व वाले गोदाम में संग्रहित कर रखी थी। यह भी पता चला है कि तुषार ने इस वर्ष जून में दुबई और थाईलैंड का दौरा किया था और मादक पदार्थों की आवाजाही और वितरण की योजना बनाने के लिए अपने अन्य सहयोगियों से मुलाकात की थी। तुषार गोयल की दुबई स्थित एक मास्टर माइंड के साथ मिलीभगत थी, जो पहले भी कोकीन और अन्य मादक पदार्थों की आपूर्ति से जुड़ा हुआ था।

उपरोक्त के आधार पर तुषार गोयल के वसंत एन्क्लेव और राजौरी गार्डन स्थित आवासीय परिसर में तथा उसके सहयोगी हिमांशु कुमार तथा भरत कुमार के प्रेम नगर और मुंबई के नालासोलपारा में क्रमशः तलाशी ली गई। इसके अलावा, दिल्ली के झंडेवालान इलाके और गुरुग्राम में तुषार बुक्स पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, ट्यूलिप पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड और एबीएन बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड जैसी कंपनियों के व्यावसायिक परिसरों में भी तलाशी अभियान चलाया गया। इन कंपनियों का स्वामित्व और नियंत्रण तुषार गोयल और उनके परिवार के सदस्यों के के पास है। तलाशी के दौरान कुछ महत्वपूर्ण वित्तीय दस्तावेज बरामद हुए हैं, जिनमें आरोपियों की वित्तीय गतिविधियों के साथ-साथ आरोपियों और उनके परिवार के सदस्यों की चल और अचल संपत्तियों का विवरण भी शामिल है।

आगे की जांच जारी है।